# राजस्थान सरकार
## निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/साफ–सफाई/2019/ दिनांक :

निदेशक
सूचना एवं जन सम्पर्क निदेशालय
राज. जयपुर।

विषयः निविदा सूचना प्रकाशित कराने बाबत।

उपरोक्त विषयान्तर्गत निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, राज. जयपुर (स्वास्थ्य भवन) में साफ–सफाई कार्य हेतु खुली ई निविदा आमंत्रित की जानी है, अतः इस हेतु निविदा सूचना की 10 प्रतियां संलग्न कर भेजी जा रही है। कृपया निविदा सूचना को नियमानुसार प्रमुख समाचार पत्रो में प्रकाशित करवाने का श्रम करें।

तथा आपके विभाग की वेबसाइट पर निविदा सूचना मय निविदा की शर्ते प्रसारित/अपलोड करावें, ताकि आपकी वेबसाइट से भी निविदा प्रपत्र व शर्ते निविदादाता द्वारा डाउनलोड कर निविदाएं प्रस्तुत की जा सके।

संलग्न : निविदा सूचना/निविदा की शर्ते
मय सीडी

निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं
राज. जयपुर

क्रमांकःस्थाई भण्डार/साफ–सफाई/2019/578 दिनांक : 25.02.19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. प्रभारी, सर्वर रूम, मुख्यालय को भेजकर लेख है कि कृपया संलग्न निविदा सूचना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

निदेशक (जन स्वास्थ्य)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं
राज.जयपुर

राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/2019/578 दिनांकः 25.02.19

## ई–निविदा सूचना

राजस्थान के राज्यपाल महोदय द्वारा निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान (स्वास्थ्य भवन परिसर) में सफाई व्यवस्था कार्य करवाये जाने हेतु पंजीकृत, आईएसओ प्रमाणित एवं अनुभवी सेवा प्रदाता से निर्धारित ई–प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन निविदा के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र.सं. | विवरण | विस्तृत विवरण |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | स्वास्थ्य भवन परिसर (स्वास्थ्य भवन, एनआरएचएम भवन, आरएमएससीएल भवन, एडस भवन, समस्त वाहन पार्किंग, गार्डन, न्यू बिल्डिंग एवं खुली जगह इत्यादि) में साफ–सफाई व्यवस्था हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए। |
| 2 | निविदा की अनुमानित लागत | 20.00 लाख रूपये |
| 3 | बोली प्रतिभूति राशि (Bid Security) | 40000/– रूपये (निदेशक (जन स्वा.) के नाम) |
| 4 | निविदा प्रपत्र शुल्क | 1000/– रूपये (निदेशक (जन स्वा.) के नाम) |
| 5 | RISL प्रोसेसिंग शुल्क | 500/– रूपये (एम.डी., आर.आई.एस.एल. के नाम) |
| 6 | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की तिथि एवं समय | दिनांक 25.02.2019 ( सांय 4.00 बजे ) |
| 7 | निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 11.03.2019 ( सांय 5.00 बजे तक ) |
| 8 | निविदा प्रपत्र/प्रोसेसिंग/प्रतिभूति राशि शुल्क के बैंकर चैक प्रस्तुत करने की तिथि व समय | दिनांक 12.03.2019 ( मध्यान्हः 12.00 बजे तक ) |
| 9 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2019 ( मध्यान्हः 1.00 बजे ) |

1. निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाईट www.rajswasthya.nic.in, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की वेबसाईट www.dipr.rajasthan.gov.in एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल की वेबसाईट http:/sppp.raj.nic.in पर देखी/डाउनलोड की जा सकती हैं।
2. इच्छुक निविदादाताओं को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए नामांकित www.eproc.rajasthan.gov.in के पोर्टल के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है एवं इसी वेबसाईट पर यह निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करनी होगी।
3. बोली प्रतिभूति एवं कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि के बैंकर चैक या डिमाण्ड ड्राफ्ट या अनुसूचित बैंक के विनिर्दिष्ट रूपविधान में बैंक गारण्टी या सरकारी विभागों की दशा में ईजीआरएएस के माध्यम से जमा के रूप में दी जा सकेगी। बोली प्रतिभूति, बोली की मूल या बढ़ायी गई विधि मान्यता की अवधि से 30 दिन आगे तक विधि मान्य रहनी चाहिए।
4. यदि किसी कारणवश तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक को अवकाश रहता है तो तकनीकी निविदा उसके अगले दिन उसी समय पर खोली जावेगी।

UBN No: MHS1819WSOB01497

निदेशक (जन स्वा)
चिकित्सा एवं सवास्थ्य सेवायें,
राजस्थान, जयपुर

राजस्थान सरकार

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः स्थाई भण्डार/2019/ दिनांकः

## तकनीकी निविदा प्रपत्र

स्वास्थ्य भवन परिसर (स्वास्थ्य भवन, एनआरएचएम भवन, आरएमएससीएल भवन, एडस भवन, समस्त वाहन पार्किंग, गार्डन, न्यू बिल्डिंग एवं खुली जगह इत्यादि) में साफ–सफाई व्यवस्था हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए कार्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा प्राप्त करने वाले अधिकारी का नाम | | निदेशक (जन स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर | |
| निविदा अधीन कार्य का विवरण | | स्वास्थ्य भवन का समस्त परिसर (मुख्य भवन, एनआरएचएम, आरएमएससीएल, एडस,नवीन भवन, आदि समस्त क्षेत्र वाहन पार्किंग, गार्डन, एवं खुली जगह इत्यादि) में साफ–सफाई व्यवस्था हेतु एक वर्ष की अवधि के लिए कार्य<br>(विस्तृत विवरण निविदा की शर्तों के अनुसार) | |
| निविदा फर्म का नाम | | | |
| अधिकृत व्यक्ति का नाम जिससे सम्पर्क किया जा सके (प्राधिकृत निविदा हस्ताक्षरी) | | | |
| पत्राचार का पता | | | |
| मोबाईल नम्बर | | टेलीफोन एवं फैक्स नम्बर | |
| वेबसाईट एवं ईमेलः (ईमेल आवश्यक) | | | |

निविदा संबंधित सामान्य शर्तें:—

1. ई—निविदा सूचना क्रमांक स्थाई भण्डार/2019/.......... दिनांक .............. के क्रम में निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन में साफ—सफाई एवं विविध कार्य किये जाने के संबंध में अपेक्षित जानकारी हासिल करने के बाद मैं/हम निविदा के नियम और शर्तों से बाध्य होना स्वीकार करते हुए एवं उक्त कार्य निविदा की शर्तो के अनुसार आदेश में अंकित दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए कार्य करने के लिए सहमत हैं। कार्य की दर का उल्लेख मैं/हमने वित्तीय निविदा में उल्लेख कर दिया है।
2. यह निविदा द्वि—प्रक्रमी (Two Stage) निविदा के रूप में आमंत्रित की गई है।
   (1) तकनीकी निविदा
   (2) वित्तीय निविदा
3. निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर स्थित भवनों की संख्या, कमरों, चौकों, हॉल/सभाकक्ष, शौचालयों की संख्या तथा खुले स्थान गार्डन्स, मुख्य भवन स्थित समस्त ब्लॉक एवं पार्किंग परिसरों में प्रतिमाह जिस प्रकार की सफाई सामग्री, जितनी मात्रा में अपेक्षित होगी, इसकी **सूची मय मात्रा** संलग्न की जावे।

**नोटः— निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन में साफ—सफाई एवं विविध कार्य में उपयोग ली जाने वाली न्यूनतम सफाई सामग्री एवं उसकी मात्रा का उल्लेख " प्रतिमाह कार्य में आने वाली अनुमानित सफाई सामग्री की सूची " में किया गया है। प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री की मात्रा उससे कम नहीं होनी चाहियें।**

4. निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, खुले स्थान एवं वाहन पार्किंग की सफाई/धुलाई हेतु उन उपकरणों की सूची संख्या सहित जिनकी व्यवस्था निविदा अनुमोदित होने की स्थिति में अनुबन्ध होने से पूर्व ठेकेदार/संस्था द्वारा कर ली जावेगी।
5. तकनीकी निविदा प्रपत्र की जांच हेतु निविदा में चाही गयी सूचनायें/दस्तावेज तकनीकी निविदा के मूल्यांकन की अनिवार्य शर्ते हैं, जिनके आधार पर निविदादाता संस्था/ठेकेदार की पात्रता का निर्णय किया जावेगा तथा सशर्त निविदाऐं स्वीकार नहीं की जावेगी।
6. निविदा में उल्लेखित शर्तों के अतिरिक्त अन्य कोई शर्त निविदादाता की स्वीकार नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को (न्यूनतम दर वाली निविदा सहित) बिना किसी कारण बताये अस्वीकार/रद्द करने का अधिकार निदेशक (जन स्वा.) के पास सुरक्षित होगा।
7. सफल निविदादाताओं को कार्यादेश दिये जाने के तुरन्त पश्चात् इस निविदा में उल्लेखित कार्यों की विस्तृत कार्य—योजना बनाकर 7 दिवस की अवधि में देनी होगी, जिसमें प्रत्येक कार्य व श्रमिकों का पूर्ण विवरण होगा।
8. निविदा शुल्क, ई—प्रोसेसिंग शुल्क एवं निविदा प्रतिभूति राशि विभाग में दिनांक 12.03.2019 को मध्यान्हः 12.00 बजे तक जमा करवाई जानी होगी इसके बिना ऑन लाईन प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।
9. राज्य में दिनांक 26.01.2013 से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 प्रभावशील है। अतः उक्त निविदा में उक्त अधिनियम व नियम के सभी प्रावधान प्रभावशील है।
10. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 64 के तहत निविदा मूल्यांकन समिति सारभूत रूप से प्रत्युत्तरदायी बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों का आवश्यक होने पर सुधार कर सकेगी।
11. **ई—निविदा से संबंधित बिन्दुः—**

(1) निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, जयपुर (राजस्थान) के लिए पात्र निविदाओं से ई—टैण्डर के माध्यम से तकनीकी और वित्तीय बोलियां आमंत्रित की जाती है। निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन परिसर में परिसर के समस्त शौचालयों की पूर्ण सफाई/धुलाई, गार्डन एवं वाहन पार्किंग की सफाई व्यवस्था एवं विविध कार्य निविदादाताओं को वेबसाईट http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहिए निविदा प्रथम भाग में तकनीकी निविदा एवं द्वितीय भाग वित्तीय निविदा होगें।

(2) निविदादाताओं को ई—निविदा प्रक्रिया को समझने के लिए वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in की जानकारी होनी चाहिए। निविदादाता को ई—निविदा हेतु डीएससी (डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र) के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। निविदादाताओं मैनुअल किट और वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक बोलियां प्रस्तुत करने के लिए प्रक्रिया का पता करने के लिए बिन्दु संख्या 8 देखें।

(3) निविदादाताओं को वर्ग 2 या ई निविदा पोर्टल के लिए एक लाइसेंस प्राप्त प्रमाणन प्राधिकरण (सीए) द्वारा जारी वर्ग 3 श्रेणी के डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता है।

(4) पूरा निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के प्रयोजन के लिए वेबसाईटों www.rajswasthya.nic.in एवं http:/sppp.raj.nic.in और http:/eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित किया गया है।

(5) निविदा दस्तावेज (तकनीकी और वित्तीय निविदा) सहित सभी संचार/पत्राचार निविदादाता के नामित अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर डिजिटल रूप से एवं भौतिक प्रति पर हस्ताक्षर और मुहर लगाई जानी चाहिए।

(6) तकनीकी निविदा सूचना में और निविदा लगाने के नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा सूचना में अंकित दिनांक के अनुसार खोला जाएगा, तकनकी मूल्यांकन प्रक्रिया की योग्यता बोलियां ही वित्तीय निविदा के मूल्यांकन के लिए आगे विचार किया जाएगा। वित्तीय निविदा हेतु सभी तकनीकी रूप से योग्य निविदा लगाने वालों को बाद में सूचित किया जाएगा जो अलग तारीख और समय पर तकनीकी रूप से योग्य निविदादाताओं/नामित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जाएगी।

(7) निविदादाताओं को निविदा प्रतिभूति राशि, निविदा शुल्क और ई–टैण्डर प्रक्रिया शुल्क राशि के डिमांड ड्राफ्ट या बैंकर चैक दिनांक 12.03.2019 को मध्यान्हः 12.00 बजे तक स्थाई भण्डार अनुभाग निदेशालय चिकि. एवं स्वा.सेवायें, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, जयपुर में जमा करवाये जाने होंगे।

(8) निविदादाताओं को ई–निविदा प्रस्तुतीकरण में किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सहायता के लिए e-procurement Helpdesk 0141-4022688 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

(9) निविदादाता अपनी दरें BOQ.XLS प्रपत्र (वित्तीय निविदा) में ही प्रस्तुत करें।

(10)निविदादाता ई–उपापन की वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in को देखे एवं निविदा के लिए पंजीकरण और ई निविदा प्रस्तुत करने के लिए दिशा–निर्देशों का पालन करना होगा।

(11)निविदादाताओं निविदा प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख से पहले ही अच्छी तरह से अपनी निविदा प्रस्तुत करना चाहिए निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन, जयपुर आखिरी समय पर निविदा अपलोड करने में आ रही किसी भी समस्या के लिए उत्तरदायी नहीं होगा एवं समय सीमा समाप्त होने पर वेबसाईट पर प्रस्तुत नहीं की गई बोलियों को शामिल करने के लिए उपरोक्त कारणों की वजह से विचार नहीं किया जायेगा।

(12)निविदादाताओं को वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर और ई–टैण्डर के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। निविदा इसी साईट पर ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी। ऑफलाईन प्रस्तुत बोलियों पर विचार नहीं किया जायेगा और खारिज कर दिया जाएगा।

(13)वित्तीय निविदा के लिए, निविदादाताओं निविदा के एक भाग के रूप में वेबसाईट पर अपलोड BOQ.XLS (माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल) डाउनलोड करना चाहिए और टेम्पलेट के लिए किसी भी संशोधन के बिना विवरण भरें। डाउनलोड BOQ.XLS (माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल फाइल) में किए गए छेड़छाड़/परिवर्तन प्रारूप वेबसाइट द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(14)निविदादाता ई–टैण्डरिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए एक वैध वर्ग 2 या वर्ग 3 डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र की जरूरत है।

(15)निविदादाता अपनी निविदा के एक भाग के रूप में प्रस्तुत सभी दस्तावेजों को डिजिटल रूप से हस्ताक्षर करने आवश्यक है।

(16)निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर गैर अनुपालना के मामले में ई टैण्डरिंग प्रक्रिया के लिए बोलियों की अस्वीकृति के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(17)निविदादाताओं द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेजों जिनका निविदा दस्तावेज में उल्लेख किया है अपलोड करने की जरूरत है।

(18)कोई शुद्धिपत्र वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा और इस निविदा का एक हिस्सा होगा निविदादाताओं को निविदा से संबधित अध्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इस वेबसाईट पर दिखना चाहिए।

(19)बोलियों को ऑनलाईन खोला जाएगा। ऑन लाईन तकनीकि निविदा खोलते समय बोलीदाता उपस्थित हो सकते हैं।

(20)निविदादाताओं को उनकी निविदा प्रतिभूति राशि, निविदा दस्तावेज शुल्क और ई टैंडर प्रक्रिया शुल्क प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**तकनीकी निविदा से संबंधित दस्तावेज केवल तकनीकी निविदा में अपलोड किये जावे एवं निविदा की वार्षिक राशि सभी कर सहित वित्तीय निविदा में ही अपलोड करनी होगी।**

(21)वित्तीय निविदा (BOQ) को भरने के लिए ई टैण्डरिंग पोर्टल में वित्तीय निविदा भरने के लिए निर्देश देखें।

12. तकनीकी निविदा स्वीकार करने के लिए अनिवार्य बिन्दुः–

(1) निविदा प्रोसेसिंग शुल्क राशि 500/-- रूपये का डिमाण्ड ड्राफ्ट।

(2) निविदा शुल्क 1000/-- रूपये नकद राशि जमा की रसीद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट।

(3) निविदा प्रतिभूति राशि 40000/-- (अक्षरे रूपये चालीस हजार मात्र) का जयपुर में भुगतान योग्य बैंकर्स चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट या अनुसूचित बैंक के विनिर्दिष्ट रूपविधान में बैंक गारण्टी या सरकारी विभागों की दशा में ईजीआरएएस के माध्यम से जमा के रूप में "निदेशक (जन स्वा.), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर" के नाम से प्रस्तुत करना होगा। बोली प्रतिभूति, बोली का मूल या बढ़ायी गई विधि मान्यता की अवधि से 30 दिन आगे तक विधि मान्य रहनी चाहिए।

(4) निविदा की वैधता अवधि 90 दिवस होगी। आवश्यकता पड़ने पर दोनों पक्षों की आपसी सहमति से बढाई जा सकेगी। अवधि बढ़ाये जाने पर बोली प्रतिभूति राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट की अवधि भी निविदादाताओं को तदनुसार बढ़ानी होगी।

(5) निविदाएं ऑन लाईन खोली जावेगी। डीडी/बैंकर चैक तकनीकी निविदा खोलने से पूर्व दिनांक 12.03.2019 को मध्यान्हः 12.00 बजे तक विभाग में जमा करवाये जाने होंगे।

(6) ऑन लाईन भरी जाने वाले केवल तकनीकी निविदा प्रपत्र की हार्ड कापी सुलभ सन्दर्भ के लिए सीलबन्द लिफाफे में निविदा खोलने की दिनांक 12.03.2019 को मध्यान्हः 12.00 बजे समिति के सम्मुख ही प्रस्तुत करनी होगी।

(7) निविदा सूचनानुसार वस्तु एवं सेवाकर(GST) पंजीयन प्रति संलग्न करें।

(8) आयकर पैन (PAN) नम्बर की प्रति संलग्न की जावे।

(9) निविदादाता फर्म के आईएसओ प्रमाणित होने संबंधित प्रमाण पत्र की प्रति।

(10) ठेकेदार/संस्था का गत 2 वित्तीय वर्षों 2015--16 एवं 2016--17 के आयकर निर्धारण (Assessment years) की आयकर रिटर्न की प्रतिलिपियां।

(11) निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर में उच्च गुणवत्ता की सफाई व्यवस्था के लिए निविदा में अंकित सम्पूर्ण साफ सफाई कार्य हेतु एक विस्तृत कार्य योजना (Action Plan) तैयार कर तकनीकी निविदा के साथ आवश्यक रूप से संलग्न करनी होगी। कार्य योजना में एनेक्सचर--ई में वर्णित स्थलों/क्षेत्रों आदि के सम्पूर्ण सफाई एवं विविध कार्य सम्पादन हेतु निविदादाता द्वारा प्रतिमाह उपयोग में ली जाने वाली सफाई सामग्री की सूची/मशीनरी (तकनीकी निविदा के बिन्दु संख्या 20 (12) के अनुसार) सहित, लगाये जाने वाले टीम लीडर, सुपरवाईजर्स तथा पर्याप्त मात्रा में आवश्यक श्रमिकों की संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा। अनुमोदित सेवा प्रदाता फर्म को निविदा अनुमोदन पश्चात् कार्य योजना (Action Plan) में उल्लेखित कार्मिको/श्रमिकों के द्वारा कार्य करवाना होगा।

(12) निविदादाता फर्म/ठेकेदार को रूपये **100/-- के नॉन--ज्यूडिशियल स्टाम्प** पेपर पर निम्न शपथ--पत्र प्रस्तुत करना होगा:--

(क) निविदादाता फर्म/ठेकेदार पर किसी प्रकार का राजकीय विभागों/स्वायत्तशासी संस्थाओं/सार्वजनिक उपक्रमों आदि से संबंधित कोई राशि यथा सर्विस टैक्स/ईपीएफ/ईएसआई आदि बकाया नहीं है।

(ख) निविदादाता फर्म/ठेकेदार को किसी भी उपापन संस्था द्वारा गत तीन वर्षों (2015--16, 2016--2017, 2017--18) की अवधि में विवर्जित (Debar/Black list) नहीं किया गया है।

(13) सफाई ठेकेदार/संस्था के लिए अनिवार्य है कि उनको राजकीय भवनों/निगमों एवं अन्य पंजीकृत ट्रस्ट/निजी संस्थाओं के अधीन बड़े भवनो में सफाई कार्य संचालन का इस स्तर का होना चाहिऐ कि गत 2 वित्तीय वर्षो (2016--17 एवं 2017--18) दौरान प्रतिवर्ष उसके द्वारा संचालित एक सफाई--ठेके (Single work order) की वार्षिक राशि रूपये 15.00 लाख से कम नहीं हो। सम्बन्धित राजकीय कार्यालय/विभाग/निगम/ट्रस्ट/निजी संस्थान द्वारा जारी किया गया इस आशय का अनुभव प्रमाण "तकनीकी निविदा" प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(14) निविदादाता फर्म/संस्था का गत 2 वित्तीय वर्षों (2016--17 एवं 2017--18) का वार्षिक टर्न ओवर (प्रतिवर्ष) राशि रूपये 15.00 लाख या इससे अधिक का होना आवश्यक है। प्रमाणस्वरूप निविदादाता को चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट का प्रमाण--पत्र /Audit Report "तकनीकि निविदा" प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

13. तकनीकी निविदाओं के परीक्षण तथा यदि आवश्यक हुआ तो प्रस्तुतीकरण एवं भौतिक सत्यापन के बाद केवल उन निविदादाताओं के ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी जो कि तकनीकी निविदा परीक्षण/प्रस्तुतीकरण में सफल/उपयुक्त पाये जावेंगें। असफल/अनुपयुक्त निविदादाताओं के वित्तीय निविदाएं नहीं खोली जावेगी। सफल निविदादाताओं को वित्तीय बिड खोलने के लिए अलग से सूचित कर दिया जावेगा (ई--मेल से) www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी सूचित किया जावेगा।

14. तकनीकी निविदा में कही भी दरे अंकित/अपलोड नहीं की जावे। तकनीकी निविदा में दरे अंकित पाये जाने पर ऐसी निविदा को स्वतः ही निरस्त माना जावेगा।

15. तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की खोली गई वित्तीय बोली में न्यूनतम दरदाता की दर को स्वीकार किया जावेगा। आवश्यकता होने पर राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम--2013 के नियम 69 के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

16. वित्तीय निविदा में अंकित दरों में यदि शब्दों और अंकों के मध्य कोई विसंगति है तो शब्दों में व्यक्त की गई रकम तब तक अभिभावी होगी जब तक की शब्दों में अभिव्यक्त रकम कोई अंक गणितीय त्रुटि से संबंधित नहीं हो। इस संबंध में राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम--2013 के नियम 64 के अनुसार कार्यवाही की जाकर निर्णय लिया जा सकेगा।

17. इस निविदा के तहत अनुबन्ध की अवधि आदेश में अंकित दिनांक से एक वर्ष तक मान्य होगी तथापि आपसी सहमति से राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम--2013 के नियम 29 के अनुसार बढ़ाई जा सकेगी।

18. निविदा के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज का विवरण निम्नानुसार है:--

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा शुल्क राशि 1000/- रूपये जमा कराने का विवरण | डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या ............ दिनांक ............ बैंक नाम ............ ............ शाखा ............ |
| 2 | निविदा प्रोसेसिंग शुल्क राशि 500/-- रूपये का जमा करवाये जाने का विवरण | डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या ............ दिनांक ............ बैंक नाम ............ ............ शाखा ............ |
| 3 | बोली प्रतिभूति राशि रूपये 10000/-- रूपये जमा कराने का विवरण | डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चैक संख्या ............ दिनांक ............ बैंक नाम ............ ............ शाखा ............ |
| 4 | बोलीदाता/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजीकरण इत्यादि का विवरण निम्नानुसार प्रस्तुत किया जावेगा:-- | |

| क.सं. | विवरण | रजि. सं. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 | | | | |
| 4 | वस्तु एवं सेवा कर (GST) | | | | |
| 5 | आयकर (पैन नंबर) | | | | |
| 6 | राजस्थान दूकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958<br>या<br>इण्डिन पार्टनरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत<br>या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | आईएसओ (ISO) प्रमाण पत्र की प्रति | | प्रमाणपत्र संलग्न करें पृष्ठ संख्या ............ |
| 6 | आयकर पैन (PAN) नम्बर | | प्रमाणपत्र संलग्न करें पृष्ठ संख्या ............ |
| 7 | जी.एस.टी. पंजीयन नम्बर | | प्रमाणपत्र संलग्न करें पृष्ठ संख्या ............ |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | गत दो वित्तीय वर्षों का सफाई कार्य संचालन के अनुभव का विवरण | वर्ष | राजकीय भवन/निगम एवं अन्य पंजीकृत ट्रस्ट/निजी संस्थान/कार्यालय का नाम | एक सफाई ठेके (Single Work order) की वार्षिक राशि रूपये | प्रमाणपत्र संलग्न करें। पृष्ट........ संख्या |
| | | 2016--17 | | | |
| | | 2017--18 | | | |
| 9 | टर्न ऑवर हेतु गत दो वित्तीय वर्षों का चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट का प्रमाण पत्र | वित्तीय वर्ष | | टर्न ऑवर की वार्षिक राशि रूपये | प्रमाणपत्र संलग्न करें। पृष्ट........ संख्या |
| | | 2016--17 | | | |
| | | 2017--18 | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 10 | गत दो वित्तीय वर्षों (Assessment Years) की आयकर रिटर्न की प्रतिलिपि | निर्धारण वर्ष 2016—17 | प्रमाणपत्र संलग्न करें। पृष्ठ............संख्या |
| | | निर्धारण वर्ष 2018—19 | प्रमाणपत्र संलग्न करें। पृष्ठ............संख्या |
| 11 | जी.एस.टी. रिटर्न की प्रति 31.12.2018 तक | वर्ष 2018—19 | प्रमाणपत्र संलग्न करें। पृष्ठ............संख्या |
| 12 | निदेशालय, चिकित्सा एवं सवास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन परिसर स्वास्थ्य भवन, एनआरएचएम भवन, आरएमएससीएल भवन, एडस भवन, समस्त वाहन पार्किंग, गार्डन, न्यू बिल्डिंग एवं खुली जगह इत्यादि) में साफ–सफाई व्यवस्था एवं सम्पूर्ण विविध सम्पादन मे काम में ली जाने वाली सफाई सामग्री की सूची प्रतिमाह मात्रा सहित संलग्न करें। (हां या नहीं) | | सूची संलग्न करें। पृष्ठ............संख्या |
| 13 | निदेशालय, चिकित्सा एवं सवास्थ्य सेवायें, स्वास्थ्य भवन परिसर स्वास्थ्य भवन परिसर में साफ–सफाई कार्य हेतु अनुमोदित ठेकेदार/संस्था के द्वारा उपयोग में जाने वाली मशीनों व अन्य उपकरणों की सूची, संख्या सहित संलग्न करें | | पृष्ठ संख्या .................................. |

| क्र.सं. | मशीन प्रकार/यंत्र का नाम | Make/Company | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Single Disk Scubber | | |
| 2 | Double disk scubber | | |
| 3 | Vacuum Cleaner | | |
| 4 | Telescopic rod with complete kit | | |
| 5 | अन्य (विवरण दें) | | |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | कार्य योजना (Action Plan) संलग्न करें | पृष्ठ संख्या ................... |

नोट :– ई– निविदा के साथ निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क, बोली प्रतिभूति राशि तथा 100/– रु. नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र की स्केन प्रति, तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड करने के लिए आर0एफ0पी0 में अंकित किया जावे।

हस्ताक्षर निविदादाता मय मोहर
नाम, फर्म का नाम, पता

19. तकनीकी निविदा के साथ सभी दस्तावेज यथा शुल्क (बैंकर चैक), स्टाम्प पेपर, अनुभव प्रमाण पत्र, वार्षिक टर्नओवर आदि सम्बन्धित समस्त दस्तावेज की स्केन प्रति अपलोड किया जाना आवश्यक है।
20. तकनीकी निविदा के साथ कही भी वित्तीय बिड/दरे अपलोड नहीं की जानी है।

निविदा की विशेष शर्ते (कार्य का विवरण) :–

निदेशालय स्वास्थ्य भवन परिसर में स्थित भवनों, खुले स्थान, गार्डन्स, पार्किंग, एनआरएचएम भवन, एड्स भवन एवं आरएमएससीएल, दुपहिया वाहन पार्किंग एवं न्यू बिल्डींग एवं खुली जगह में एक वर्ष की अवधि (आदेश में अंकित दिनांक से एक वर्ष) के लिए सफाई व्यवस्था एवं विविध कार्य हेतु निविदा की विशेष शर्तें:–

1. निविदा अधीन सफाई योग्य क्षेत्र:–

1.1 इस निविदा के अधीन सफाई योग्य क्षेत्र के तहत निदेशालय स्वास्थ्य भवन परिसर में स्थित समस्त क्षेत्र यथा खुले स्थान, गार्डन्स, पार्किंग, भवन, एनआरएचएम भवन, एड्स भवन एवं आरएमएससीएल भवन, न्यू बिल्डींग, वाहन पार्किंग, लिफ्टें, शौचनालय, सीढियां, छतें, चौक, छज्जे आदि तथा परिसर में स्थित समस्त सड़कें तथा स्वास्थ्य भवन का परिसर का सम्पूर्ण क्षेत्र शामिल है।

1.2 ठेकेदार संस्था द्वारा नियोजित श्रमिक श्रम अधिनियम द्वारा शासित होते है इसलिए उक्त श्रमिक राजकीय अवकाशों के दायरें में नहीं आते हैं। स्वास्थ्य भवन परिसर में स्थित भवनों, खुले स्थान, गार्डन्स, पार्किंग, एनआरएचएम भवन, एड्स भवन एवं आरएमएससीएल, दुपहिया वाहन पार्किंग एवं न्यू बिल्डींग एवं खुली जगह का कार्य 30 दिवस/प्रतिमाह आवश्यकरुप से करवाना होगा।

| क्र.सं. | कार्मिक | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | सफाई सुपरवाईजर (Semi skilled) | 1 |
| 2 | सफाई श्रमिक (Un skilled ) | 24 |
| | योग | 25 |

नोटः– उपरोक्तानुसार पूर्णकालीन श्रमिक लगाये जाने पर भी यदि सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाई गई तो विभाग के निर्देशानुसार कर्मकारों की संख्या में बढोतरी करनी होगी। इस हेतु निविदा में अंकित दर/ अनुमोदित दर में किसी भी प्रकार की बढोतरी नहीं की जावगी तथा अनुमोदित दर के अलावा किसी भी प्रकार को कोई भुगतान सेवा प्रदाता फर्म/ ठेकेदार को नहीं किया जावेगा।

1.3 यह कि निविदा अधीन सफाई योग्य सम्पूर्ण क्षेत्र–निर्मित व अनिर्मित सीढियां, रेलिंग कोरिडोरे, खुला स्थान आदि की सफाई, धुलाई, दीवार पर मार्बल डेडो की उपयुक्त लिक्विड या तरल पदार्थ से धुलाई/पौंछा, सफाई आदि कार्य सम्मिलित है। टाईल्स/ग्रेनाईट पर तेजाब का प्रयोग नहीं किया जावे।

1.4 यह कि सफाई/धुलाई/पौंछा आदि कार्य का प्रथम दौर **प्रातः 9 बजे** तक आवश्यक रूप से पूरा करना होगा और कार्यालय समय समाप्ति तक सफाई/पौंछा आदि का कार्य निरन्तर किया जाना होगा। राजकीय अवकाशों में निदेशक (जन स्वा0) द्वारा गठित कमेटी के दिये गये निर्देशानुसार निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य परिसर में सफाई करवानी होगी।

1.5 यह कि पार्किंग–स्थल की फर्श, डेडोज व रेलिंग, कोरिडोर आदि पर आधुनिक मशीनों/यंत्रों से सफाई व पौंछे का कार्य करना होगा तथा यह कार्य आवश्यकतानुसार कार्यालय समय की समाप्ति तक करना होगा। पार्किंग स्थल की समयद्ध सफाई की आवश्यकता को देखते हुये पर्याप्त संख्या मशीनों की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार/संस्था को अपने स्तर से करनी होगी, जिनका निरीक्षण निदेशक (जन स्वा0) द्वारा गठित कमेटी के द्वारा किया जावेगा। उपलब्ध करायी जाने वाली मशीनों का विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र.सं | मशीन | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Single Disk Scubber | 1 |
| 2 | Double disk scubber | 1 |
| 3 | Vacuum Cleaner | 2 |
| 4 | Telescoping rod with complete kit | 2 |
| 5 | Taski Chemical 1 to 9 | |

1.6 यह कि सफाई/पौंछा हेतु प्रयुक्त की जाने वाली स्क्रबर–ड्रायर मशीन में ब्रश इस प्रकार का काम में लेना होगा जिससे पार्किंग स्थल में मूल स्वरूप पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़े।

1.7 फ्रन्ट कार पार्किंग में लगी सामग्री की सुरक्षा, वहां रखे वाहनों को व्यवस्थित करवाना एवं उनकी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था करनी होगी।

नोटः– उपरोक्त वर्णित क्षेत्रफल अथवा कमरों/शौचालयों आदि की संख्या अनुमानित है और इसमें 10 प्रतिशत अधिक्य या कमी भी हो सकती है। निविदादाता द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण भी किया जा सकता है। इस हेतु निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य परिसर से सम्पर्क कर सकते हैं ( फोन. नं. 0141–2388059)

2. सफाई कार्यः–

2.1 प्रतिदिन सफाई कार्य से तात्पर्य हैः–

2.2 यह कि निविदा अधीन सफाई योग्य सम्पूर्ण क्षेत्र – कच्चे व पक्के, निर्मित व अनिर्मित, भवनों के आगे–पीछे खुला स्थान, सड़कों सहित क्षेत्र–जिसमें झाडू एवं भवनों के समस्त भागों की झाडू, डस्टर, जालों, दरवाजों, खिड़कियों, रोशनदान, समस्त भवनों की सीढियां, रेलिंग आदि की सफाई, साबुन से धुलाई, मार्बल एवं वूडन फ्लोर तथा गेटों की उपयुक्त लिक्विड या तरल पदार्थ से धुलाई/पौंछा, उपयुक्त स्प्रे यथा कोलीन आदि से सफाई आदि कार्य।

2.3 यहा कि सफाई/धुलाई/पौंछा आदि कार्य का प्रथम दोर **प्रातः 8.00 बजे से 9.00 बजे** तक पूरा करना होगा जिसका निरीक्षण निदेशक (जन स्वा0) द्वारा गठित कमेटी/केयर टेकर के द्वारा किया जावेगा तथा उसके बाद भवनों के बरामदो मे कार्यालय समय समाप्ति तक सफाई/पौंछा आदि का कार्य निरन्तर किया जाना होगा। इसी प्रकार सामान्य शौचालयों में भी सफाई का कार्य कार्यालय समय समाप्ति तक निरन्तर सुनिश्चित करना होगा राजकीय अवकाशों में अवधाता द्वारा बताये गये स्थलों कमरो, बरामदों व छज्जों, छत परिसर की सफाई करवानी होगी।

2.4 निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य भवन परिसर स्थित भवनों के कार्यालय समय के दौरान प्रत्येक मंजिल पर एक–एक सफाई कर्मचारी उपस्थित रहेगा।

2.5 यह कि निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य भवन परिसर स्थित भवनों के बरामदा की फर्श, डेडोज व चौकों की पटरियों पर आधुनिक मशीनों/यंत्रों (As mentioned in 1.16) से सफाई व पौंछे का कार्य करना होगा तथा यह कार्य आवश्यकतानुसार दिनभर कार्यालय समय की समाप्ति तक करना होगा। निदेशालय परिसर के विस्तार, भवनों की संख्या तथा समयबद्ध सफाई की आवश्यकता को देखते हुये पर्याप्त संख्या में मशीनों की व्यवस्था स्वयं ठेकेदार/संस्था को अपने स्तर से करनी होगी।

2.6 यह कि भवनों में स्थित कमरों की सफाई का कार्य भी उपरोक्त अनुच्छेद में वर्णित किन्तु हल्की (Light Duty) मशीनों/यंत्रों से **प्रातः 8 से 9 बजे** के बीच सफाई/पौंछा करना होगा। इसके अलावा **दिन में भी कार्यालय समय के दौरान किसी कमरे अथवा सहबद्ध शौचालय (attached toilet)** की सफाई के लिये बुलाये जाने पर तत्काल सफाई कार्य करना होगा।

2.7 यह कि सफाई/पौंछा हेतु प्रयुक्त की जाने वाली स्क्रब–ड्रायर मशीन में ब्रश इस प्रकार का काम में लेना होगा जिससे बरामदों, कमरों व शौचालयों में लगे हुए पत्थर, मार्बल पत्थर, टाईल्स आदि के मूल स्वरूप पर किसी प्रकार का विपरीत प्रभाव नहीं पड़े।

2.8 यह कि समस्त अटेच्ड एवं जनरल शौचालयों में उपयुक्त सुगन्धयुक्त पदार्थ यथा ऑडोनिल की टिकिया आदि प्रत्येक 7 दिवस में रखवानी होगी एवं यूरीनल पॉटस में फिलाईल की गोलियां (नेप्थलीन बॉल) नियमित रूप से डलवानी होंगी।

2.9 यह कि सभी भवनों, शौचालयों एवं सड़कों में मेन–होल, सीवरलाईन एवं नालियों को रूकने पर तुरन्त खुलवा कर ठीक करके चालू स्थिति में रखना होगा।

2.10 यह कि ठेकेदार/संस्था को निदेशालय चिकित्सा भवन परिसर में व परिसर स्थित भवनों/कमरों में नियमित रूप से दीमक नियंत्रण कार्य/चूहों, मच्छरों, मक्खियों व अन्य कीट नाशक नियमित रूप से कार्य में लिये जाकर इन पर नियंत्रण सुनिश्चित करना होगा।

2.11 यह कि निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य परिसर एवं भवनों के आगे–पीछे जंगली घास, जंगली पेड़–पौधे, सड़कों एवं फुटपाथों के किनारे, विद्युत ट्रांसफार्मर व विद्युत बोर्डो के पास उगी जंगली घास–फूस को सप्ताह में एक बार आवश्यक रूप से हटाना होगा। परिसर में सभी लॉनों की सफाई भी प्रतिदिन करनी होगी।

## "स्वास्थ्य भवन परिसर साफ–सफाई कार्य वर्ष 2019–20"

## प्रतिमाह कार्य में आने वाली अनुमानित सफाई सामग्री की सूची

| क्र.स. | सामग्री का नाम | सामग्री मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | फिनाइल | 180 लीटर (3 ड्रम) |
| 2. | तेजाब | 180 लीटर (3 ड्रम) |
| 3. | लिक्विडसोप | 180 लीटर (3 ड्रम) |
| 4. | टायलेट ब्रश | 20 नग |
| 5. | वाइपर | 10 नग (छोटा) (टायलेट के लिये) |
| 6. | वाइपर | 10 नग (बड़ा) (फ्लोर के लिये) |
| 7. | ऑडोनिल | 20 नग (ऑफिस रूम केवल) |
| 8. | सैनट्री क्यूब | 30 लीटर (1 पैकिट–12 नग) |
| 9. | रूम स्प्रे | 5 नग |
| 10. | नेफ्थलीन गोली | 2 किलो ग्राम |
| 11. | स्काच पेड | 6 नग |
| 12 | प्लास्टिक जूना | 6 नग |
| 13. | पन्नी झाड़ू | 20 नग |
| 14 | फूल झाड़ू | 6 नग |
| 15 | हार्पिक | 5 लीटर (ऑफिसर टॉयलेट्स) |
| नोटः– | विभाग द्वारा सक्षम स्तर पर निर्देशित करने पर निविदादाता को समय–समय पर वांछित सामग्री उपलब्ध करवानी होगी। | |

2.12 यह कि इस ठेके में शामिल निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य परिसर में स्थित भवनों में लगी हुई समस्त लिफ्टों की पेसेंजर केबिनों/दीवरों व दरवाजों की साफ सफाई का कार्य करना व अवांछित लिखावटों आदि को मिटाना भी इस ठेके में शामिल है। इन लिफ्टों को प्रतिदिन साफ–सुथरा रखना सफाई ठेकेदार का दायित्व है।

2.13 यह कि सभी भवनों में जहाँ–जहाँ शौचालयों (सभी अटेच्ड एवं जनरल शौचालयों बने हुए हैं कि सफाई/धुलाई लिक्विड फिनाईल/हारपिक से नियमित रूप से करवानी होगी।

3. **विविध कार्यः–**

बिन्दु संख्या 3 के क्रम संख्या 1 से 14 में वर्णित सफाई सम्बंधी कार्य के अलावा भी निदेशालय स्वास्थ्य परिसर में कुछ अन्य कार्य भी ठेकेदार/संस्था को कराने होगें जो की इसी ठेका–अनुबन्ध का हिस्सा है और जिनके लिये अलग से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा। उक्त कार्य निम्न प्रकार से है:–

**3.1 बैठकों हेतु व्यवस्थाः–**

निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य परिसर में 4 कॉन्फ्रेन्स हॉल है। इनमें औसतन प्रतिमाह लगभग 05 बैठकें होती है। कॉन्फ्रेन्स हॉल में कार्यरत सफाई कर्मी/कर्मकारों को स्वच्छ वर्दी में आना अनिवार्य है। उक्त बैठकें प्रातः 8.00 बजे से देर रात्रि तक आयोजित रहती है। ऐसी परिस्थितियों में भी ठेकेदार/संस्था को तुरन्त उक्तानुसार व्यवस्था करनी होगी। यदि ठेकेदार/संस्था द्वारा कॉन्फ्रेन्स हॉल का साफ–सफाई कार्य समय पर नहीं किया जाता है तो दण्ड स्वरूप राशि रूपये 1000/– प्रति बैठक के हिसाब से भुगतान में से काट ली जावेगी। बैठकों हेतु तैनात किये जाने वाले कर्मकारों के वर्दी में नहीं पाये जाने पर प्रति व्यक्ति 500/– रूपये प्रति बैठक शास्ती लगाई जाएगी।

**3.2 स्थाई स्टोर व अन्य स्टोरों के विभाग का कार्यः–**

निदेशालय में स्थापित अनुभागों की मांग के अनुसार स्टॉर से लेकर संबंधित अधिकारीयों/विभागों में रखवाना एवं टूटा/खराब फर्नीचर भण्डार में पहुंचाना, स्टोर में सामान रखवाना/निकलवाना, कम्प्यूटर स्टोर में कम्प्यूटर हार्डवेयर को स्टोर में पहुंचाने आदि कार्य तथा विद्युत स्टोर/प्रिन्टिंग/स्टेशनरी स्टोर में भी कार्य ठेकेदार/संस्था को करवाना होगा। सामान्यतः यह कार्य कार्यालय समय में करवाये जाएगें परन्तु आवश्यकतानुसार कार्यालय समय से पूर्व या पश्चात अथवा राजपत्रित अवकाशों में भी करवाये जा सकते है। इसके लिए किसी भी प्रकार का अतिरिक्त भुगतान विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा।

**3.3 अन्य आकस्मिक कार्यः–**

उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त निदेशालय में आकस्मिक रूप से ऐसे अनेक कार्य आ सकते है जिनको समय–समय पर संपादन करवाया जाना आवश्यक होता है। इस प्रकार के अतिरिक्त कार्य लिए कार्य भुगतान नहीं देय होगा और बड़ा कार्य आने पर भी निदेशक (जन स्वा) के द्वारा गठित कमेटी के निर्देशानुसार कार्य करवाना होगा ओर इसके लिए अन्य कार्यों में लगाये गये श्रमिकों का समायोजन किया जा सकता है। परन्तु किया भी अतिरिक्त कार्य के लिए अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।

3.4 अनुमोदित ठेकेदार/संस्था को निदेशालय में उच्च गुणवत्ता की सफाई व्यवस्था की सफाई हेतु पर्यवेक्षण के लिए कुशल सुपरवाईजर (Skilled) रखना होगा जो कि निदेशालय परिसर मुख्य भवन, खुले स्थानों तथा पार्किंग तथा गार्डन्स आदि समस्त निदेशालय परिसर में साफ–सफाई कार्य अपनी पूर्ण निगरानी में करवायेगा। कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्यालय में आने तक कमरों व कमरे में रखे सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी सुपरवाइजर की होगी कार्यालय समय प्रारम्भ होने के बाद सुपरवाईजर भण्डार अधिकारी/केयर टेकर मुख्यालय के संपर्क में रहेंगे ताकि दिन में आवश्कता होने पर सुपरवाइजर को निर्देशित किया जाकर सफाई कार्य सुनिश्चित किया जा सके। सुपरवाईजर अथवा सफाईकर्मी के अनुपस्थित होने पर ऐसी स्थिति में ठेकेदार को तुरन्त वैकल्पिक व्यवस्था स्वयं के व्यय पर करनी होगी।

3.5 सफाई ठेकेदार/संस्था को प्रतिदिन सफाई से उत्पन्न होने वाले कचरे को उस दिन स्वयं के साधन/वाहन से सुरक्षित प्रकार से स्वास्थ्य भवन परिसर बाहर ले जाकर ऐसे स्थान पर डालना होगा जो कि नगर निगम/ स्थानीय प्रशासन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा कचरागाह के रूप में इस हेतु निर्धारित किया गया। ऐसे कचरागाह में कचरा डालने के लिये यदि नगर निगम/सक्षम प्राधिकारी की अनुमति की आवश्यमता हो तो ऐसी अनुमति ठेकेदार को स्वयं अपने स्तर पर लेनी होगी कचरा उठाने के लिए 6 ट्रोली रिक्सा की व्यवस्था फर्म/ठेकेदार को स्वयं के स्तर पर करनी होगीं

3.6 निदेशालय परिसर के विस्तार तथा भवनों की संख्या व क्षेत्रफल को देखते हुये सफाई कार्य हेतु पर्याप्त संख्या में सभी प्रकार के यंत्र जैसे वैक्यूम क्लीनर, वाईपर, स्क्रर/ड्रायर मशीन, झाडू, सुम्भा, पौछा, फावड़ा, कचरा गाड़ी की व्यवस्था ठेकेदार को स्वयं करनी होगी। इस विभाग द्वारा किसी प्रकार की सहायता नही की जायेगी। सफाई कार्यों। में उपयोग आने वाले यंत्रों व सामान को निदेशालय परिसर में एक निर्धारित स्थान पर कमरे मे रखा जा सकेगा और यंत्रों/सामान की सूची अवधाता कार्यालय में उपलब्ध करनी होगी। यंत्रों एवं सामान की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी। यंत्रों/सामान के रख--रखाव एवं मरम्मत आदि की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार की होगी।

3.7 निदेशालय परिसर के भवनों, शोचालयों में लगे नल, वेस्ट पाईप इत्यादि में किसी प्रकार की कोई गड़गड़ हो तो उसकी लिखित में शिकायत तत्काल ठेकेदार द्वारा भण्डार अधिकारी/केयर टेकर मुख्यालय को करनी होगी। सूचना न देने पर यह माना जावेगा कि उक्त सामान ठेकेदार के श्रमिकों द्वारा गायब कर दिया गया है। दण्डस्वरूप उक्त सामान ठेकेदार को लगवाना होगा।

3.8 तकनीकी निविदा के साथ सफाई सामग्री की सूची में सामग्री की मासिक मात्रा निविदादाता द्वारा संलग्न की जावेगी, व उक्त सूची अनुसार सफाई सामग्री प्रति माह, के अन्तिम सप्ताह में केयर टेकर की देख--रेख में अवधाता के पास जमा कराना होगी एवं प्राप्ति रसीद प्रतिमाह प्रस्तुत किये जाने वाले बिल के साथ संलग्न करनी होगी। जमा करवाई गई सफाई सामग्री का समय--समय पर भण्डार अधिकारी (स्थाई), निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें द्वारा निरीक्षण किया जा सकेगा।

**13. शास्ति प्रावधानः--**

बिन्दु संख्या 3.1 से 3.8 तक में वर्णितय समय सारणी, आवृति व अन्तराल अनुसार सफाई कार्य नहीं कराने पर अथवा निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर निम्नानुसार शास्ति राशि अधिरोपित की जावेगीः--

| क्र.स. | विवरण | शास्ति राशि रूपये |
|---|---|---|
| 1 | निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें परिसर स्थित मुख्य भवन के सामने गार्डन में कचरे की गन्दगी पाये जाने पर। | प्रतिदिन प्रति गलती की शास्ति राशि 1000/-- रूपये (a penalty of Rs. 1000/- per incident per day) |
| 2 | निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें परिसर स्थित मुख्य भवन जैसे स्वास्थ्य भवन, एनआरएचएम बिल्डींग, आरएमसीएल बिल्डींग, एड्स बिल्डींग, दुपहीया वाहन पार्किक, न्यू बिल्डींग, दो गार्डन एवं खुली जगह | प्रतिदिन प्रति गलती की शास्ति राशि 1000/-- रूपये (a penalty of Rs. 500/- per incident per day) |
| 3 | किसी भी अधिकारी/विभाग से सफाई बाबत शिकायत प्राप्त होने पर | प्रतिदिन प्रति गलती की शास्ति राशि 1000/-- रूपये (a penalty of Rs. 500/- per incident per day) |
| 4 | यदि अनुबन्ध में अंकित कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही पायी जाती है एवं इसके लिये पृथक से सफाई एवं विवध कार्य के विवरण में स्पष्टतः शास्ती का प्रावधान नहीं किया गया है। | प्रतिदिन प्रति गलती की शास्ति राशि 500/-- रूपये (a penalty of Rs. 500/- per incident per day) |
| 5 | शास्ति राशि अधिरोपित करने के अतिरक्त भी अनुबन्ध में अंकित साफ--सफाई एवं विविध कार्य अनुमोदित ठेकेदार/संस्था द्वारा समय पर न करने पर विभाग द्वारा कार्य अन्य स्रोत/माध्यम से करवा लिया जावेगा और इस प्रकार के कार्य पर व्यय होने वाली राशी ठेकेदार के भुगतान में से काट ली जावेगी। इसके अतिरिक्त आर्थिक दण्ड के रूप में जोखिम पर करवाये गये कार्य पर व्यय की गई राशि का दोगुणा राशि तक दण्ड के रूप में आरोपित की जा सकती है। | कार्य करवाये जाने पर व्यय होने वाली वास्तविक राशि एवं आर्थिक दण्ड के रूप में व्यय की गई राशि का दोगुणा आर्थिक दण्ड के रूप में शास्ति राशि आरोपित की जा सकेगी। |

अन्य महत्वपूर्ण शर्तेः–

14. पूर्व ठेकेदार के जो श्रमिक कार्य करने के इच्छुक नहीं हो, ठेकेदार/संस्था के निर्देशों के अनुसार कार्य नहीं कर रहें हो तो ठेकेदार/संस्था द्वारा उन श्रमिकों को हटाया जा सकता है।
15. नियोजित किये जाने वाले श्रमिकों में से कोई भी श्रमिक अपराधिक प्रवृत्ति का नहीं होना चाहिए यह सफल निविदादाता को सुनिश्चित करना होगा।
16. इस प्रकार नियोजित समस्त कुशल/अकुशल श्रमिकों को निर्धारित वर्दी (Uniform) एवं नाम सहित बैज आवश्यक रूप से देने होंगे जो कि उक्त श्रमिकों द्वारा निदेशालय परिसर में उपस्थिति के दौरान अनिवार्यतः धारण करने होंगे। निर्धारित वर्दी एवं बैज ठेकोर/संस्था द्वारा उपलब्ध कराये जावेंगे।
17. ठेकेदार/संस्था द्वारा इस प्रकार नियोजित समस्त व्यक्तियों/श्रमिकों के आचरण की जिम्मेदारी स्वयं ठेकेदार/संस्था की होगी तथा उसकी अनुशंषा पर ही उसके कर्मियों के निदेशालय के प्रवेश पत्र बनाए जायेगें।
18. ठेकेदार/संस्था द्वारा कार्य पर लगाये गये श्रमिकों की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होगा।
19. यह कि ठेकेदार/संस्था के लिये यह बाध्यता होगी कि अपराधिक चरित्र/ अपराधिक प्रकृति/ न्यायालय द्वारा अपराध–सिद्ध दोषी, सजायापता श्रमिकों को कार्य पर नहीं लगाया जावेगा।
20. ठेकेदार/संस्था को निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये परिसर में स्थित सफाई स्थल याथा सामान्य एवं विशिष्ठ शौचालयों आदि में लगी हुई सैनेटरी सामग्री जिसमें नल, वाश बेसिन, टोंटी, लेट बाथ पॉट, मिरर (दर्पण) फ्लश व अन्य लेट बाथ में संबंधित सामग्री इत्यादि की सुरक्षा स्वयं के स्तर से करनी होगी। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व प्रत्येक सफाई स्थल/शौचालयों आदि में उपलब्ध सामग्री का विवरण प्राप्त कर स्वयं के कब्जे मे लेना होगा और ठेका समाप्ति पर यथावत रूप से उसी स्पेसिफिकेशन के अनुसार समस्त चल–अचल सम्पत्ति, उपकरण एवं चीजें वापिस संभालनी होगी। इस सामग्री में टूट–फूट की जिम्मेदारी ठेकेदार/संस्था की होगी और वह मासिक भुगतान में से काट ली जावेगी। ठेका समाप्ति पर पूरी विशिष्टता के साथ सामग्री नही संभलाएं जाने पर ठेकेदार/संस्था को देय राशि में से हानि की राशि वसूल योग्य होगी।
21. ठेकेदार/संस्था के व्यक्तियों द्वारा यदि निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये सम्पत्ति को कोई नुकसान पहुंचाया जाता है तो उसका भुगतान ठेकेदार/संस्था को करना होगा।
22. ठेकेदार/संस्था को अवधाता, निदेशक (जन स्वा.) के द्वारा गठित कमेटी/**भण्डार अधिकारी (स्थाई)/केयर टेकर** द्वारा जब भी निर्देश देने हेतु बुलाया जावेगा तो तुरन्त उसी दिन मिलना होगा। ठेकेदार/संस्था द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को **प्रातः 8.00 बजे से शाम 6.00** बजे तक निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये परिसर में उपस्थित रह कर अवधाता के सम्पर्क में रहना होगा और प्रतिदिन **प्रातः 9.00 बजे और सायं 6.00** बजे **भण्डार अधिकारी (स्थाई)/केयर टेकर** से निर्देश प्राप्त करने हेतु मिलना आवश्यक होगा।
23. ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित किये जाने वाले श्रमिकों के संबंध में विभिन्न श्रम कानूनों के प्रावधानों की पालना करने का दायित्व ठेकेदार/संस्था का होगा।
24. ठेकेदार/संस्था को श्रम विनियमन एवं उन्मूलन अधिनियम, 1970 एवं अन्य श्रम संबंधी कानूनों की पूर्ण पालना करनी होगी। सम्बन्धित कानून की जानकारी नहीं होना किसी भी प्रकार से स्वीकार्य कारण नहीं माना जावेगा।
25. कार्य के दौरान किी श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी ठेकेदार/संस्था की होगी। कार्यो पर लगे श्रमिक की किसी भी कारण से मृत्यु हो जाती है या अन्य किसी भी रूप में दुर्घटनाग्रस्त/घायल/अपंग हो जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी एवं क्षतिपूर्ति/मुआवजा आदि देने का भार ठेकेदार द्वारा वहन किया जावेगा। इसके लिये राज्य सरकार किसी भी प्रकार से सहयोगी एवं जिम्मेदारी नहीं होगी।
26. यह कि इस निविदा के तहत निविदा अनुमोदित होने के पश्चात विभाग द्वारा प्रमुख नियोक्त की हैसियत से श्रम विभाग द्वारा निर्धारित प्रपत्र संख्या 5 अनुमोदित ठेकेदार/संस्था को जारी किये जाने के 7 दिवस में सफल निविदादाता द्वारा श्रम विभाग से श्रमिक रखने का अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर कार्मिक विभाग में प्रस्तुत कर दिया जावेगा एवं जितनी संख्या में श्रमिकों के लिये लाइसेंस होगा उतनी संख्या में श्रमिकों का सामूहिक बीमा (group insurance) सफल निविदादाता द्वारा कराया जावेगा।

27. प्रभावी श्रम कानूनों के तहत प्रावधायी निधि (EPF) एवं बीमा (ESI) और GST आदि की राशि जमा करवाने, एवं अन्य वित्तीय अथवा कानूनी दायित्व ठेकेदार/संस्था के होंगे। इस हेतु कोई अतिरिक्त भुगतान राज्य सरकार/निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये प्रशासन द्वारा नहीं किया जावेगा।

28. सभी श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान बैंक के माध्यम से करना होगा। श्रम कानूनों के अन्तर्गत श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान प्रत्येक माह की 7 तारीख तक करना होगा।

29. ठेकेदार/संस्था द्वारा प्रस्तुत मासिक बिल का भुगतान तब किया जायेगा, जबकि वह गत माह का ठेका श्रमिकों को दी गयी मजदूरी के सन्दर्भ में प्रावधायी निधि (EPF) एवं बीमा (ESI) और GST तथा अन्य अनिवार्य वैधानिक कटौतियां संबंधित विभाग में जमा करवाये जाने की रसीद/चालान श्रमिकों की सूची सहित प्रस्तुत कर देगा।

30. ठेकेदार/संस्था को प्रतिमाह प्रस्तुत किये जाने वाले बिल के साथ अपने लेटर हैड पर यह प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा कि निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें में इस अनुबन्ध के तहत लगाये गये श्रमिकों के गत माह की प्रावधायी निधि (EPF) एवं बीमा (ESI) और GST की राशि संबंधित विभागों में जमा करवा दी गई है एवं कोई राशि बकाया नहीं है।

31. श्रम संबंधी कानूनों की पालना न करने पर अथवा अनुबन्ध की शर्तों का उल्लंघन करने एवं कार्य सन्तोषजनक नहीं पाये जाने पर अनुमोदित सेवाप्रदाता को 7 दिवस का नोटिस दिया जाकर राज्य सरकार द्वारा ठेका समाप्त किया जा सकता है।

32. ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित श्रमिकों के संबंध में उत्पन्न होने वाली किसी भी सेवा/ श्रमिक संबंधि विवाद में दायित्व ठेकेदार/संस्था का होगा तथा ऐसे सभी श्रमिकों को ठेकेदार/संस्था द्वारा यह स्पष्ट रूप से लिखित में सूचित किया जावेगा कि व ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित श्रमिक है, तथा राजस्थान सरकार अथवा निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाये प्रशासन से उनका कोई सम्बन्ध नहीं है।

33. ठेकेदार/संस्था द्वारा नियोजित श्रमिकों के संबंध में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के प्रावधानों की पालना हेतु ठेकेदार/संस्था पूर्णतः जिम्मेदार होगा। इस सम्बन्ध मे यदि राज्य सरकार को कोई राशि व्यय करनी पड़ी तो वह ठेकेदार/संस्था के लम्बित भुगतान से वसूली योग्य होगी।

34. किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति/दंड एवं शास्ती की राशि ठेकेदार को देय किसी भी प्रकार के भुगतान अथवा प्रतिभूति राशि में से वसूल करने का अधिकारी इस विभाग का होगा।

35. उक्त शर्तों के अतिरिक्त सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों की शर्तें व नियम तथा राजस्थान लोक उपापन अधिनियम--2012 एवं नियम--2013 भी ठेकेदार/संस्था को स्वीकार्य होंगे।

36. इस निविदा के सम्बन्ध में अथवा इसके तहत निष्पादित किये जाने वाले अनुबन्ध के संबंध में कोई न्यायालयी विवाद कसी सक्षम न्यायालय में उत्पन्न हो कर चल रहा हो तो माननीय न्यायालय द्वारा यदि कोई दिशा निर्देश पारित किया जाये तो माननीय न्यायालय के आदेशों की पालना ठेकेदार/संस्था द्वारा सुनिश्चित की जानी होगी।

37. यह कि सफाई कार्य स्थल/परिसर में यदि कोई कमी होती है अथवा सफाई कार्य कम होता है तो तदनानुसार और उसी अनुपात में ठेके की राशि कम की जा सकती है।

38. निदेशालय में सफाई सम्बन्धी पूर्व के ठेकेदार द्वारा जिन श्रमिको को नियोजन में रखा गया था, उन्हें आवश्यकतानुसार प्राथमिकता के आधार पर शिनाख्त करके श्रम कार्य पर नियोजन में रखा जायेगा।

39. अनुमोदित सेवा प्रदाता फर्म/ठेकेदार को इस कार्य हेतु पूर्व में नियोजित पुराने ठेका श्रमिक जो अब वर्तमान अनुबन्ध के तहत भी अनुमोदित फर्म/ठेकेदार के रोल पर कार्य करेगें की ई.पी.एफ. के अशंदान की राशि कार्य आदेश दिये जाने के दो माह के भीतर संबंधित विभाग में उनके व्यक्तिगत खातों में स्थानान्तरित करवा कर विभाग में द्वितीय बिल के साथ इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उक्त कार्य तय समय में नहीं होने की दशा में द्वितीय बिल की राशि में से द्वितीय बिल की एक तिहाई राशि रोक कर शेष राशि का ही भुगतान किया जावेगा एवं रोकी गई राशि का भुगतान उक्त कार्य पूर्ण कर विभाग में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही किया जावेगा। इसके साथ ही कार्य आदेश से तीसरे माह तक भी उक्त कार्य नहीं करवाया जाता है तो तीसरे माह एवं उससे आगे के महिलों के बिलो का भुगतान किया जाना संभव नहीं हो पायेगा।

40. अनुमोदित सेवा प्रदाता फर्म/ठेकेदार को अनुबन्ध के तहत कार्यरत ठेका श्रमिकों को प्रत्येक माह मजदूरी भुगतान से पूर्व उनको संबंधित माह की वेतन/मजदूरी भुगतान की पर्ची आवश्यक रूप से देनी होगी जिसमें संबंधित श्रमिक को गत माह के कार्य करने के दिवस, मजदूरी की दर, कुल वेतन ई.एस.आई एवं ई.पी.एफ के श्रमिक तथा नियोक्ता के अंशदान की राशि का उल्लेख अंकित होना आवश्यक है।

41. किसी भी प्रकार के न्याय विवाद का क्षेत्राधिकार जयपुर होगा।

42. सफल ठेकेदार निविदा के सारवान भाग को अन्य फर्म/संस्था को नहीं सौंपेगा।

43. किसी बिन्दु पर अस्पष्टता की स्थिति में सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम--2012 व नियम--2013 श्रम अधिनियम तथा बच्चों के अधिकारी अधिनियम आदि प्रावधान लागू होंगे।

44. इस निविदा के तहत कार्य के निष्पादन हेतु यदि ठेकेदार/संस्था द्वारा कुछ कुशल या अकुशल श्रमिको को नियोजन किया जाता है तो ऐसे नियोजित श्रमिकों को नियमानुसार निर्धारित न्यूनतम मजदूरी व अन्य प्रकार की देयता का प्रश्न आता है तो भुगतान श्रम विभाग के दिशा निर्देशों के अन्तर्गत करना होगा और यदि इस आशय की कोई शिकायत प्राप्त हुई तो ठेकेदार/संस्था के भुगतान में से राशि काट कर श्रमिकों को भुगतान किया जायेगा।

45. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (केन्द्रीय अधिनियम 11, वर्ष 1948) के वैधानिक प्रावधानों की अनुपालना का दायित्व सम्बन्धित संवेदक का होगा।

46. राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत संवेदक ही उक्त प्रकार की बोली में भाग लेने हेतु अर्हत होंगे। पंजीकरण प्रमाण--पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि पूर्ण रुप से भरे हुए बोली दस्तावेज के साथ सम्बन्धित उपापन संस्था को प्रस्तुत की जायेगी।

47. (1)उपापन संस्था को अंशकालिन (Part-time) मानव संसाधन की सेवाओं की 4 घण्टे से कम अवधि के लिये आवश्यकता हो तो ऐसी अंशकालिक सेवा का बोली दस्तावेजों में स्पष्ट उल्लेख करते हुए सम्बन्धित उपापन संस्था द्वारा बिड सम्बन्धी कार्यवाही की जावेगी। ऐसे अंशकालिक मानव संसाधन जिनकी सेवाए 4 घण्टे से कम अवधि के लिए ली जायेंगी उन्हें उनकी सेवाओं के विरुद्ध न्यूनतम मजदूरी की गणना श्रम विभाग द्वारा समय--समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी की 50 प्रतिशत राशि पर की जायेगी।

(2) इस विभाग/उपापन संस्था द्वारा पूर्णकालीन रुप से 1 सफाई सुपरवाईजर तथा 24 सफाई श्रमिक आवश्यकरुप से चाहे गये हैं।

